बिहार सरकार
समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय, बिहार
(समाज कल्याण विभाग)
द्वितीय तल, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना–800001
हमारा बिहार
फोन: 91.612.2520960, फैक्स:91.612.2535900, website: www.icdsbih.gov.in

संचिका संख्या :– ICDS/30025/14-2018 खण्ड 2684 दिनांक 24/05/2019

प्रेषक,

निदेशक,
आई0सी0डी0एस0,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,
बिहार।

विषय :– ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन हेतु निदेशालय स्तर से विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त प्रसांगिक विषय के संबंध में कहना है कि अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिनांक 24.05.2019 के विडियों कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये निदेश के आलोक में जिन जिलों में ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन कराया जाना है, उन सभी जिलों के लिए निदेशालय स्तर पर एक संक्षिप्त विज्ञापन प्रकाशित कराया जा रहा है। वैसे सभी जिले जहाँ आवेदन आमंत्रित किया जाना है, वहाँ रिक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना यथा– **अहर्त्ता/रिक्त केन्द्रों की सूची/पंचायत/वार्ड/बाहुल्य वर्ग/आम सभा का स्थल/आम सभा की तिथि** आदि संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से ही प्रकाशित की जायेगी। आवेदन ऑन लाईन लिये जायेगें, परन्तु यदि ऑफ लाईन आवेदन प्राप्त होते है तो उन्हें भी समय सीमा के अन्दर ऑन लाईन अपलोड कराने की जिम्मेवारी संबंधित परियोजना कार्यालय की होगी। आवेदन हेतु रिक्त केन्द्रों से संबंधित विस्तृत सूचना जिला प्रोग्राम कार्यालय में भी संधारित रखना तथा इच्छुक लोगों को सभी वांछित जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही रिक्ति से संबंधित सभी वांछित सूचना एन0आई0सी0 के संबंधित वेब साईट पर दिनांक 25.05.2019 तक अपलोड कराना भी अनिवार्य होगा।

रिक्त पदों हेतु आवेदन की समय सीमा, औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन आदि की समय सीमा निम्नवत है:–

1. **विज्ञापन प्रकाशन की तिथि** – दिनांक 27.05.2019
2. **ऑन लाईन आवेदन करने की तिथि** – दिनांक 27.05.2019 से 10.06.2019 तक।
3. **औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन की तिथि** – दिनांक 12.06.2019 को बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर एक सप्ताह के लिए किया जायेगा।
4. **आपत्ति लेने की तिथि** – दिनांक 12.06.2019 से दिनांक 18.06.2019 तक।
5. **आम सभा की तिथि** – दिनांक 20.06.2019 से दिनांक 30.06.2019 तक। आम सभा के पूर्व विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी आवश्यक कार्रवाई संबंधित महिला पर्यवेक्षिका/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी।
6. ऑन लाईन आवेदन का वेब–साईट http://fts.bih.nic.in/AWCREC/Login.aspx है।
7. ऑन लाईन आवेदन के साथ आवेदिका सभी वांछित दस्तावेज (Document) यथा – मैट्रिक अंक पत्र, मूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, विधवा प्रमाण पत्र (विधवा अभ्यर्थी के लिए), विकलांगता प्रमाण पत्र (विकलांग अभ्यर्थी के लिए) आदि को भी निर्धारित साईज में अपलोड करना अनिवार्य होगा।
8. आवेदिका को ऑन लाईन आवेदन करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है जहाँ उनकी समस्या का अनिवार्य रूप से निराकरण किया जायेगा।
9. यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि को आम सभा नहीं की जाती है अथवा सेविका का चयन नहीं हो पाता है तो विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप अगली आम सभा की जायेगी।

अतः निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त समय सीमा के अनुसार अपने जिलों के परियोजनाओं में ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन कराना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी तरह की कोताही होने पर गम्भीरता से लिया जायेगा।

विश्वासभाजन

24/5/19

निदेशक

आई0सी0डी0एस0,

ज्ञापांक :– ICDS/30025/14-2018 खण्ड 2684 **दिनांक** 24/05/2019

प्रतिलिपि :–सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–तकनीकि निदेशक, एन0आई0सी0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से संबंधित वरिष्ठ प्रोग्रामर को निदेशित करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :–अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

24/5/19

निदेशक

जिला प्रोग्राम कार्यालय, कैमूर (भभुआ)

विज्ञापन हेतु सेविका / सहायिका के रिक्त पदों की सूची

क्र0	परियोजना का नाम	रिक्त सेविका की कुल संख्या	रिक्त सहायिका की कुल संख्या	अभ्युक्ति
1	भभुआ	5	20	
2	मोहनियाँ	6	37	
3	चाँद	2	20	
4	चैनपुर	9	29	
5	कुदरा	10	15	
6	नुआँव	3	10	
7	दुर्गावती	17	~~19~~ 18	
8	अधौरा	1	3	
9	रामपुर	18	23	
10	भगवानपुर	1	4	
11	रामगढ़	1	19	
	कुल योग :–	73	199	

25.5.19

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,

कैमूर (भभुआ)

25/5/19